


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## चंदन मिश्रा के हत्यारोपियों और पुलिस के बीच मुठभेड़

Chandan Mishra Murder Case: बिहार पुलिस और अपराधियों ने बीच मुठभेड़ हुई है। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें दो अपराधियों को गोली लगी है। इनमें एक भोजपुर और दूसरा बक्सर का रहने वाला है। पटना के पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा की हत्या मामले में पुलिस ने फिर से बड़ी कार्रवाई की है। आरा के बिहिया इलाके में अपराधी और स्पेशल टास्क फोर्स की टीम के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें पुलिस की गोली लगने दो अपराधी घायल हो गए हैं। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि चंदन मिश्रा हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार के ने लिए पुलिस टीम गई थी। बिहिया-कटेया पथ पर नदी के पास अपराधियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें दो अपराधियों को गोली लगी है। वहीं इस कार्रवाई में पुलिस ने अभिषेक कुमार नामक तीसरे अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। अभिषेक से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह पटना के पारस अस्पताल में हुई हत्या की घटना में अन्य अपराधियों के साथ शामिल था।



जानकारी के अनुसार, पुलिस की गोली में बक्सर के लीलाधरपुर परसियानिवासी बलवंत कुमार सिंह (22) को हाथ-पैर और भोजपुर के बिहिया के चकरही गांव निवासी रवि रंजन कुमार सिंह को जांघ में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया है। दोनों का इलाज चल रहा है। अस्पताल के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा है। इधर, पुलिस टीम को इनके पास से दो पिस्टल, एक कट्टा, मैगजीन भी बरामद हुए हैं। पुलिसिया पूछताछ में दोनों अपराधियों ने चंदन मिश्रा हत्याकांड में शामिल होने की बात भी स्वीकार की। बता दें कि पटना पुलिस की टीम ने सोमवार को ही चंदन मिश्र हत्याकांड के मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह, नीशू खान, भीम और हर्ष को कोलकाता से पटना लाया था। पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तौसीफ के लिए 72 घंटे की रिमांड भी दे दी। वहीं नीशू समेत तीनों को जेल भेज दिया गया। इधर, पुलिसिया पूछताछ में तौसीफ ने अपना जुर्म कबूल किया और कहा कि बंगाल के पुरूलिया जेल में शेरू सिंह के इशारे पर ही चंदन मिश्रा की हत्या की गई।

## Jagdeep Dhankhar Resignation

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार देर शाम अपने पद से इस्तीफे का एलान कर दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजी गई चिट्ठी में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कहा कि अपनी देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए वे भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहे हैं। कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के पीछे कहीं ज्यादा गंभीर कारण हैं। यह उनकी ओर से बताए गए स्वास्थ्य कारणों से कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। पार्टी ने कहा कि उनका इस्तीफा उनके बारे में तो अच्छी बातें



## दिन-दहाड़े फायरिंग से दहल उठा इलाका



**अलीगढ़ में बेटी को कोचिंग से लेने जा रहे बिल्डर पर फायरिंग का मामला सामने आया है। बिल्डर को चार गोलियां लगीं। एएमयू-एडीएम कंपाउंड के मध्य वाले जामिया उर्दू रोड पर सनसनीखेज वारदात हुई है।**

यूपी के अलीगढ़ के सिविल लाइंस इलाके में जामिया उर्दू रोड पर सोमवार दोपहर स्कूटी सवार बिल्डर जुल्फिकार उर्फ लाडले खां (48) पर बुलट सवार दो हमलावरों ने गोलियां बरसा दीं। उन्हें चार गोलियां लगीं हैं। उन्हें गंभीर हालत में जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। परिवार वालों का कहना है कि वह कोचिंग गई बेटी को लेने जा रहे थे।घटना के मूल में रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने देर शाम दोनों हमलावरों को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ जारी है। मूल रूप से छर्रा कोठी मोहल्ला के निवासी पेशे से बिल्डर लाडले खां परिवार के साथ सिविल लाइंस क्षेत्र के मेडिकल रोड पर स्थित रिफा पैलेस में रहते हैं।उनकी जकरिया मार्केट पर दवा की दुकान भी है। सोमवार दोपहर करीब 1:45 बजे वे जामिया उर्दू के पीछे की मस्जिद से नमाज पढ़कर स्कूटी पर सवार होकर बेटी को लेने कोचिंग सेंटर जा रहे थे। तभी एडीएम कंपाउंड के सहारे पहुंचते ही पीछे से आए बुलट सवार दो हमलावरों ने उन्हें स्कूटी में टक्कर मारकर रोका।फिर पहली गोली पीछे से पीठ में मारी। इसके बाद उन्हें ताबड़तोड़ तीन गोलियां और मारी गईं। साथ में दो राउंड हवाई फायर भी किए गए। मौके पर कुल छह राउंड फायर हुए। हमले में दो गोली पेट-सीने पर, एक कनपटी पर व एक सीधे बाजू में लगी।ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाका दहल गया। लाडले बिल्डर वहीं लहूलुहान हालत में गिर गए। सूचना पर इलाका पुलिस

## Nimisha Priya



साल 2015 में निमिषा ने यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी के साथ मिलकर एक मेडिकल क्लीनिक की शुरुआत की थी। साल 2017 में महदी का शव एक वॉटर टैंक में पाया गया और हत्या का आरोप निमिषा पर लगा।यमन की जेल में बंद भारतीय नर्ष निमिषा प्रिया को रिहा किया जाएगा। ईसाई धर्म के प्रचारक केए पॉल ने ये दावा किया है। साथ ही केए पॉल ने पीएम मोदी को धन्यवाद भी कहा है। ईसाई धर्म के प्रचारक और ग्लोबल पीस इनीशिएटिव के संस्थापक डॉ. केए पॉल ने मंगलवार रात को एक वीडियो संदेश में दावा किया कि यमन की राजधानी सना की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा रद्द कर दी गई है। डॉ. केए पॉल ने वीडियो संदेश में यमन के नेताओं को धन्यवाद दिया और उनकी कोशिशों की सराहना की। डॉ. केए पॉल ने कहा कि 'यमन के नेताओं ने बीते 10 दिनों तक दिन रात काम किया। डॉ. पॉल ने कहा कि मैं उन सभी नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने निमिषा प्रिया की मौत की सजा को रद्द कराने में मदद की। भगवान के आशीर्वाद



से निमिषा प्रिया को जल्द ही रिहा किया जाएगा और फिर वह भारत लौटेगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी धन्यवाद करता हूं, जो निमिषा प्रिया को ले जाने के लिए राजनयिक भेज रहे हैं।' बीते हफ्ते भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी अपने एक बयान में बताया था कि सरकार निमिषा प्रिया को बचाने के लिए क्या-क्या कदम उठा रही है। सरकार ने निमिषा प्रिया के परिवार की मदद के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है, जो यमन के कानून के मुताबिक उनकी मदद कर रहा है। साथ ही शरिया कानून के तहत निमिषा को माफी मिलने के कोशिशों की भी जानकारी दी।



# Aaj Ka Rashifal 22 July

## इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, धन लाभ के साथ नौकरी में प्रमोशन के योग

22 July Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 22 जुलाई 2025 का राशिफल।आज 22 जुलाई, मंगलवार का दिन है



### मेष

आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। दांपत्य जीवन में खुशियां रहेगी। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप कहीं वेकेशन पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आप किसी नए घर के लिए यदि कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको मिल सकता है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए किसी निवेश को करने के लिए रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी शुरू हो सकता है। आपको कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या चल रही है, तो उसके लिए आपको कुछ अच्छे डॉक्टर से सलाह मशवरा लेना होगा।

### मिथुन

आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को भी आसानी से हल कर सकेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा और आप अपने परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति भी आसानी से कर सकेंगे। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। तकनीकी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। नौकरी में आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी सामंजस्यता बनी रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारियां किसी दूसरे पर ना डालें।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिनसे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। माताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आप परेशान रहेंगे। आपकी किसी बात को लेकर आप जीवनसाथी और आपके बीच कहासुनी होने की संभावना थी। आपका कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खड़ी उतरेगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। दान-धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आप जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएंगे। आप अपने खर्चो को लेकर थोड़ा समझदारी से चलें, नहीं तो आने वाले समय में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी इनकम बढ़ाने से काफी खुश होंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद भी छिड़ सकता है, जिसमें आप बड़ी सदस्यों की राय के बिना कोई निर्णय सावधान रह कर लें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने करियर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे। आप किसी दूसरी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई लेनदेन सोच समझकर करें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत ना करें। काम को लेकर आप पिताजी से कोई सलाह ले सकते हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ अधिक रहेगी, क्योंकि आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। संतान की पढ़ाई-लिखाई में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आप अपने कीमती सामानों का पूरा ध्यान दें, क्योंकि उनके चोरी होने का भय बना हुआ है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप पार्टनरशिप में कोई काम करने की शुरुआत कर सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर कोई बड़ी डील अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जिनसे आपको खुशी होगी और आप अपने काम आसानी से पूरे कर सकेंगे।

### मीन

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका परिवार के सदस्यों में समानता बनाकर चलेंगे और अपनी सुख-सुविधाओं की चीजों पर भी अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे। आपके धन प्राप्ति के मार्ग खुलेंगे। भाइयों से आप काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा। माताजी की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आपको नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं।आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# Delhi-NCR Rain

## अचानक बदला मौसम, दिल्ली-गुरुग्राम में झमाझम बरसे बदरा; सड़कों पर रेंगती दिखीं गाड़ियां



Delhi NCR Rain Weather Update: दिल्ली के धौला कुआं और गुरुग्राम में तेज बारिश से मौसम बदल गया है। इसके चलते सड़क पर जाम लग गया है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में सोमवार शाम 5:30 बजे तक रिज में 29.6, लोधी रोड और पालम में बारिश दर्ज की गई। राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में सावन माह में मानसून पूरी तरह से मेहरबान नजर आ रहा है। सोमवार के बाद आज मंगलवार को भी सुबह से बादल छाए रहे और इसके बाद बारिश शुरू हो गई। दिल्ली के धौला कुआं और गुरुग्राम में अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते लोगों को बड़ी राहत मिली। इस वक्त दिल्ली एनसीआर में कांवड़ यात्रा चल रही है। बारिश की वजह से शिवभक्तों को भी बड़ी राहत मिली।बीते सोमवार को सुबह से बादल छाए रहे। शाम को जमकर बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में सोमवार शाम 5:30 बजे तक रिज में 29.6, लोधी रोड और पालम में बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर 73 फीसदी रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए भी हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई थी। आज आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो इस हफ्ते यानी 27 जुलाई तक दिल्ली के साथ ही एनसीआर के इलाकों में बादलों की आवाजाही बरकरार रहेगी। साथ ही, दो दिन झमाझम बारिश के भी आसार हैं।

# देवर के लिए मार डाला पति



**बहुत स्लो सांसें ले रहा, 3 घंटे हो गए अभी नहीं मरा...' पत्नी-प्रेमी की चैट आई सामने** आरोपी पत्नी से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसका देवर के साथ प्रेम-प्रसंग डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था। पत्नी सुष्मिता के मन में पति को रास्ते से हटाने का विचार छह महीने पहले आ गया था।दिल्ली के उत्तम नगर में करण देव की हत्या मामले में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। करण देव की बेवफा पत्नी सुष्मिता व प्रेमी देवर राहुल के बीच की चैट सामने आई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये वारदात वाली रात तीन बजे की चैट है। प्रेमी राहुल पल-पल की जानकारी लेता रहा। आखिर में दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बात भी हुई। राहुल, सुष्मिता के पास पहुंचा और दोनों ने करंट के झटके देकर करण की हत्या कर डाली।राहुल- तीन बजे तक आ जाऊंगा, घर की गली में हूं, बोलो तो आऊं, सुष्मिता- कुछ समझ नहीं आ रहा, मुझे तो... शॉक के लिए बोल रहे हो राहुल- हां सुष्मिता- मैं सोच रही थी कि दवाई से ही काम हो जाता, इसलिए तो इतनी देर रुकी राहुल- और दवाई खिला दो, एक साथ सारी की सारी, ट्राय कर लो, अगर हो सकता है तो सुष्मिता- दो या ढाई ही बची है बस राहुल: कितने दे दी... अच्छा 15 टैबलेट होती है सुष्मिता: ये कहानी सामने बता दूंगी (वो घरवालों को झूठी कहानी बताने के बारे में बात कर रही है) एक बार ये चेक करो तो कितनी देर में डेथ होनी चाहिए, दवाई खाने के। लगा लो... खाना खाए इसको 3 घंटे हो गए हैं। न वोमेटिंग, न पॉटी... कुछ नहीं और डेथ भी नहीं हुई अभी तक।राहुल- ऐसा तो कुछ नहीं आ रहा, यार अगर कुछ भी समझ नहीं आ रहा तो दे दो शॉक सुष्मिता- शॉक के लिए कैसे बांधना है द्वारका जिला पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान ओम विहार निवासी सुष्मिता देव और राहुल देव के रूप में हुई है। करण अपनी पत्नी सुष्मिता देव और 6 साल के बेटे के साथ ओम विहार फेस-1 स्थित में रहते थे। वह निजी कंपनी में काम करते थे। उसके घर के पास ही करण के पिता कृष्ण देव, मां नीरू देव और छोटा भाई कुणाल अपने पुराने वाले घर में रहते हैं। करण की बहन नैंसी कपूर ने बताया कि रविवार सुबह सुष्मिता करण के पिता के घर पहुंची और बताया कि करण को करंट लग गया है

# Sharad kelkar

## शरद केलकर ही नहीं इन एक्टर्स ने भी किया छोटी उम्र की एक्ट्रेस संग रोमांस, देखें सीरियल की लिस्ट




बॉलीवुड फिल्मों में ही नहीं टीवी सीरियल में भी एज गैप वाली लव स्टोरी दिखाई जाती हैं। कई सीरियल्स में 20 साल के एज गैप वाली जोड़ियां छोटे पर्दे पर दर्शकों को देखने को मिली हैं। शरद केलकर से लेकर रोनित रॉय जैसे एक्टर्स ने छोटी उम्र की एक्ट्रेस संग टीवी सीरियल पर रोमांस किया।इन दिनों एक नया टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' शुरू हुआ। इस सीरियल में शरद केलकर ने 45 साल के बिजनेसमैन आर्यवर्धन का किरदार किया है। जिसे 20 साल की अनु से प्यार हो जाता है। असल जिंदगी में भी इनके बीच लगभग इतना ही एज गैप है। इस बात पर शरद केलकर हाल ही में ट्रोल भी हुए। लेकिन वह टीवी पर छोटी उम्र की एक्ट्रेस संग रोमांस करने वाले अकेले एक्टर नहीं हैं। जानिए, शरद केलकर से पहले कौन-कौन से एक्टर्स छोटे पर्दे पर एज गैप वाली लव स्टोरीज का हिस्सा रह चुके हैं। सीरियल 'बंदिनी(2009)' में रोनित रॉय ने आसिया काजी संग छोटे पर्दे पर रोमांस किया। जबकि इन दोनों एक्टर्स के बीच उम्र का अंतर था। सीरियल की कहानी में भी धर्मराज शक्ति सिंह (रोनित रॉय) की शादी अपने से आधी उम्र की लड़की से हो जाती है। जबकि धर्मराज के पहले से चार बड़े-बड़े बच्चे होते हैं। इस एज गैप के बावजूद कैसे वह धर्मराज और आसिया काजी के किरदार के बीच प्यार होता है, यही सीरियल की कहानी थी।सीरियल 'मोल्लकी (2020)' में एक प्रथा दिखाई जाती है, जहां दुल्हन को खरीदा जाता है। इस सीरियल में 42 साल का

# केविन फाइगी ने स्पाइडर-मैन 4 को लेकर दी बड़ी अपडेट

Spider-Man 4 Update: मार्वल स्टूडियोज के अध्यक्ष केविन फीगे ने 'स्पाइडर-मैन4' को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने इस फिल्म के अहम किरदार और निर्देशक के बारे में जानकारी दी है।फिल्म स्पाइडर-मैन को भारत में दर्शकों से खूब प्यार मिला है। ऐसे में मार्वल की फिल्में देखने वालों के लिए अच्छी खबर है। मार्वल स्टूडियोज के अध्यक्ष केविन फीगे ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में 'द फैंटास्टिक फोर: फर्स्ट स्टेप्स' के लिए एक राउंडटेबल इंटरव्यू के दौरान मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की कई अपकमिंग फिल्मों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के बारे में भी अहम जानकारी दी है।केविन फीगे ने बताया कि 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' का निर्माण इस गर्मी के आखिर में शुरू होने वाला है। फिल्म में टॉम हॉलैंड 2021 में आई 'स्पाइडर-मैन: नो वे होम' के बाद पहली बार पीटर पार्कर/स्पाइडर-मैन की भूमिका में नजर आएंगे।





फीगे ने राउंड टेबल चर्चा के दौरान जो खुलासा किया उससे लगता है कि ब्रैंड न्यू डे 2017 की 'स्पाइडर-मैन: होमकमिंग' की तरह, न्यूयॉर्क शहर पर आधारित एक जमीनी कहानी होगी।केविन फीगे ने 'स्पाइडर-मैन: ब्रैंड न्यू डे' के बारे में बताया 'टॉम हॉलैंड की स्पाइडर-मैन कहानियों में हम उन्हें एक असली स्पाइडर-मैन के रूप में देखेंगे। वह अकेले ही शहर को बचाने की कोशिश करेंगे। वह दुनिया को खत्म करने वाली घटनाओं से लड़ने के बजाय, सड़क पर होने वाले अपराधों से निपटेंगे।'फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डैनियल क्रेटन कर रहे हैं। उनकी तारीफ करते हुए फीगे ने कहा 'डेस्टिन इस समय उस फिल्म पर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग बहुत जल्द शुरू होने वाली है। उनके आर्ट डिपार्टमेंट की दीवार पर आठ-नौ कॉमिक कवर लगे हैं जिन्हें वह इस फिल्म में जीवंत करने वाले हैं।'टॉम हॉलैंड और बर्नथल के अलावा, 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' में सैडी

# Armaan Malik: सिंगर अरमान मलिक के मशहूर हिंदी गाने,


Armaan Malik Birthday: अरमान मलिक एक भारतीय गायक, व्हाइस-ओवर कलाकार और अभिनेता हैं। उन्होंने कई भाषाओं में गाने गाए हैं। आज उनके 30वें जन्मदिन पर जानिए उनके बेहतरीन गानों की लिस्ट।अरमान मलिक ने अपनी गायकी से न सिर्फ बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई, बल्कि सोशल मीडिया पर भी उनके गाने खूब वायरल होते हैं। फैंस उनकी नई रिलीज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी आवाज का जादू इन गानों में साफ सुनाई देता है, जो आज भी हर दिल की धड़कन बने हुए हैं।बॉलीवुड के लोकप्रिय सिंगर अरमान मलिक अपनी मखमली आवाज और भावपूर्ण गायकी के लिए जाने जाते हैं। उनकी गायकी ने लाखों दिलों को छुआ है। उनके गाने हर उम्र के लोगों



की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। यहां हम आपको अरमान मलिक के सबसे मशहूर हिंदी गानों के बारे में बता रहे हैं, जो उनकी प्रतिभा का शानदार नमूना है।बॉलीवुड के मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से शादी रचाई है। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा कीं, जिन्हें फैंस ने खूब पसंद किया। अरमान और आशना की शादी की खबर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। अरमान का जन्म 22 जुलाई 1995 को मुंबई में हुआ था। आज अरमान का 30वां जन्मदिन है। उनके पिता डब्बू मलिक एक मशहूर संगीतकार हैं।

# अवतार फायर एंड ऐश का नया पोस्टर जारी,


Avatar Fire And Ash New Poster: जेम्स कैमरून की मच अवेटेड फिल्म 'अवतार: फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी होते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है।हॉलीवुड फिल्म 'अवतार' भारत में भी काफी लोकप्रिय है और दर्शक इसके अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के अब तक दो पार्ट आए हैं और दोनों को ही दर्शकों ने काफी पसंद किया है और फिल्म ने कमाई में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशी की खबर है। क्योंकि मेकर्स ने 'अवतार: फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है।जेम्स कैमरून की 'अवतार: फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी




बड़ी अपडेट दे दी है। साथ ही इस पोस्टर के साथ फिल्म के नए विलेन के बारे में भी मेकर्स ने जानकारी दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतार: फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोर: फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। 'अवतार: फायर एंड ऐश' 19 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म के नए विलेन वरंग की एंट्री से फिल्म को लेकर दर्शक और भी उत्साहित हो गए हैं। वरंग के किरदार को अभिनेता ऊना चैपलिन ने निभाया है। मेकर्स ने वारंग का नया पोस्टर जारी करते हुए उसे मंगक्वान कबीले या ऐश पीपल की नेता बताया गया है। नावी ज्वालामुखियों के पास के खतरनाक एरिया में रहती है। जो पेंडोरा के वातावरण में एक नया रंग लाती है। वरंग के किरदार की एंट्री से फिल्म के और भी रोचक

# Elli AvrRam: 'बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

Elli AvrRam-Ashish Chanchlani: अभिनेत्री एली एवराम ने हाल ही में चाय की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वो आशीष चंचलानी के साथ चाय पी रही हैं। पिछले दिनों पॉपुलर यूट्यूबर आशीष चंचलानी और अभिनेत्री एली एवराम ने एक साथ एक कोजी फोटो पोस्ट की थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों के रिश्ते को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। फैंस को लगा था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं और दोनों को इसके लिए लगातार बधाइयां भी मिल रही थीं। लेकिन जल्द ही सच्चाई सामने आई कि ये सब उनके नए म्यूजिक वीडियो 'चंदनिया' का प्रमोशनल स्टंट था। अब एली ने एक बार फिर सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए आशीष को अपना दोस्त बताया है। दरअसल एली एवराम ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उनके साथ आशीष चंचलानी नजर आ रहे हैं। इस



वीडियो में पहले एली नजर आती हैं, इसके कुछ ही देर बार आशीष दिखाई देते हैं और वीडियो के कैप्शन में एली ने लिखा है- द अन एक्सपेक्टेड फ्रेंडशिप।



इसके अलावा एली ने एक तस्वीर भी शेयर की है जिसमें चाय के दो कप नजर आ रहे हैं। एक कप पर एली ने खुद का नाम लिखा है तो दूसरे पर आशीष लिखा हुआ है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एली ने लिखा है- बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद। इस तस्वीर में साथ भी एली ये बताने की कोशिश कर रही हैं कि आशीष और वो आपस में बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों के बीच दोस्ती का रिश्ता है।

# Share Market

## बैंकिंग शेयरों में तेजी से वापस लौटा शेयर बाजार; शुरुआती कारोबार में दिखी तेजी

इससे पहले बीते दिन यानी हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 442.61 अंक या 0.54 फीसदी चढ़कर 82,200.34 पर बंद हुआ। ऐसे ही निफ्टी 122.30 अंक या 0.49 फीसदी बढ़कर 25,090.70 पर बंद हुआ था। अब जानिए आज का हाल...बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने मंगलवार को दिन की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की। इटरनल और ब्लू-चिप बैंक शेयरों में तेजी की वजह से शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ी। एशियाई बाजारों में व्यापक रूप से मजबूत रुख ने भी शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर बाजारों को रफ्तार दी। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 337.83 अंक चढ़कर 82,538.17 पर पहुंच गया। ऐसे ही 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 91.3 अंक बढ़कर 25,182 पर पहुंचा सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल 10 फीसदी उछलकर 298.30 रुपये के अपने ऊपरी सर्किट स्तर तक पहुंच गया।



जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रांडों के स्वामित्व वाली फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी इटरनल ने सोमवार को जून तिमाही के लिए 25 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ कमाया। क्विक कॉमर्स और गोइंग-आउट व्यवसायों में निरंतर निवेश के कारण इसके मुनाफे पर असर पड़ा। ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, टाइटन, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज भी फायदे में रहीं। हालांकि, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा पिछड़ते नजर आए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,681.23 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,578.43 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# Gold Silver Price

## मजबूत मांग के बीच सोना-चांदी की कीमतों में उछाल; जानें क्या है आज का भाव



स्टॉकिस्टों की मांग बढ़ने से सोमवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये बढ़कर 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। सर्राफा व्यापारियों ने कहा कि मांग में तेजी से हाजिर 15.16 डॉलर या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 3,365.56 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसके अलावा, विदेशी बाजारों में चांदी हाजिर 0.73 प्रतिशत बढ़कर 38.47 डॉलर प्रति औंस हो गई।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ नीति से संबंधित अनिश्चितताओं और अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बीच सोमवार को सोने में तेजी आई। इससे कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला।गांधी ने आगे कहा कि निवेशक अमेरिकी व्यापार एजेंडे के साथ-साथ प्रमुख अमेरिकी समष्टि आर्थिक आंकड़ों पर भी बारीकी से नजर रखेंगे। इसमें अनंतिम पीएमआई आंकड़े, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर शामिल हैं।एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (कमोडिटी एवं करेंसी) जतीन त्रिवेदी ने कहा

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल

## ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले SBI का योगदान 1.1%

भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की




एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, "वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया"।वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है।

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली

Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा




और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है। सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**तैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।


बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय




प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# मैनचेस्टर टेस्ट के दो दिन पहले भारत को दो बड़े झटके

## नीतीश पूरी सीरीज और अर्शदीप अगले मैच से बाहर





बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में बताया, 'ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण बाकी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट जाएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट खेला जाना है। इससे दो दिन पहले भारतीय टीम को दो बड़े झटके लगे हैं। ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी पूरी सीरीज और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह सिर्फ अगले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को टीम से जोड़ा गया है। बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में बताया, 'ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण बाकी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट जाएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बेकेनहैम में एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय उनके बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। पुरुष चयन समिति ने अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया है। कंबोज मैनचेस्टर में टीम से जुड़ गए हैं। चौथा टेस्ट 23 जुलाई, 2025 से शुरू होगा।' शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोजअर्शदीप इस सीरीज में अभी तक नहीं एक भी मैच नहीं खेल सके हैं, जबकि नीतीश लॉर्ड्स और एजबेस्टन, दो टेस्ट में खेले थे। उनका प्रदर्शन गेंद से अच्छा रहा था, लेकिन बल्ले से वह जूझते दिखाई पड़े। इसके अलावा तेज गेंदबाज आकाश दीप भी ग्रोइन की चोट से जूझ रहे हैं। उनकी उपलब्धता पर भी संशय है, लेकिन बीसीसीआई की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है।अंशुल ने टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिये एक पारी के दस विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956-57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985-86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।

# मैनचेस्टर टेस्ट से पहले भारतीय टीम

## मैनचेस्टर टेस्ट से पहले भारतीय टीम को लग सकता है झटका, ये ऑलराउंडर चोट के कारण हो सकता है बाहर



मैनचेस्टर टेस्ट से पहले नीतीश रेड्डी के चोटिल होने की खबर सामने आई है। रेड्डी को रविवार को जिम में ट्रेनिंग के दौरान चोट लगी। भारतीय मेडिकल टीम को स्कैनिंग के दौरान लिगामेंट में चोट का पता चला। भारतीय टीम के युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने में चोट के कारण इंग्लैंड दौरे के बाकी बचे मैचों से बाहर हो सकते हैं। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। मेजबान टीम दो मुकाबलों में जीत के साथ सीरीज में पहले ही 1-2 से बढ़त हासिल कर चुकी है। चौथा मुकाबला टीम इंडिया के लिए करो या मरो वाला है।मैनचेस्टर टेस्ट से पहले नीतीश रेड्डी के चोटिल होने की खबर सामने आई है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, रेड्डी को रविवार को जिम में ट्रेनिंग के दौरान चोट लगी। भारतीय मेडिकल टीम को स्कैनिंग के दौरान लिगामेंट में चोट का पता चला।भारत और इंग्लैंड के बीच जारी इस सीरीज में नीतीश कुमार रेड्डी खुद को साबित नहीं कर पाए हैं। एजबेस्टन टेस्ट की दोनों पारियों में वह एक भी विकेट नहीं ले पाए और एक-एक रन बनाकर आउट हुए।

# Team India

## मैनचेस्टर यूनाइटेड के फुटबॉल खिलाड़ियों से हुई गिल एंड कंपनी की मुलाकात, गंभीर-रुबेन भी रहे मौजूद




भारतीय क्रिकेट टीम 23 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने के लिए मैनचेस्टर में है। लीड्स और लंदन में जीत के बाद इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से आगे है जबकि भारत बर्मिंघम में विजयी रहा है। मैनचेस्टर यूनाईटेड के मुख्य कोच रूबेन अमोरिम और इस प्रसिद्ध क्लब के मुरीद भारतीय क्रिकेट टीम के गौतम गंभीर की एक साथ तस्वीरें भी वायरल हो गई हैं।भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है और पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। रविवार को शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ने दुनिया के मशहूर फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जर्सी का आदान-प्रदान किया और 'ड्रिल्स' (अभ्यास) के दौरान बातचीत की।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'मैनचेस्टर में यूनाइटेड' शीर्षक के साथ इस मुलाकात की कई तस्वीरें साझा कीं जिनमें शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी कैरिंगटन स्थित क्लब के ट्रेनिंग मैदान में उनके साथ फुटबॉल खेलते हुए दिखाई दिए। एडिडास द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को स्टार डिफेंडर हैरी मैगुइरे को गेंदबाजी करते हुए देखा जा सकता है।भारतीय क्रिके टीम 23 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने के लिए मैनचेस्टर में है। लीड्स और लंदन में जीत के बाद इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से आगे है जबकि भारत बर्मिंघम में विजयी रहा है। मैनचेस्टर यूनाईटेड के मुख्य कोच रूबेन अमोरिम और इस प्रसिद्ध क्लब के मुरीद भारतीय क्रिकेट टीम के गौतम गंभीर की एक साथ तस्वीरें भी वायरल हो गई हैं।इस दौरान गिल को ब्रूनो फर्नांडिस के साथ, सिराज अमद डायलो के साथ और जसप्रीत बुमराह मेसन माउंट और हैरी मैगुइरे के साथ बातचीत की। दोनों टीमों और उनके सहयोगी स्टाफ की एक संयुक्त तस्वीर भी सामने आई। कार्यक्रम की शुरुआत मैनचेस्टर यूनाइटेड के वरिष्ठ अधिकारियों और क्लब के दिग्गजों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई जिसके बाद दोनों टीमों के बीच जर्सी का प्रतीकात्मक आदान-प्रदान हुआ। इस दौरान फुटबॉल और क्रिकेट के हल्के फुल्के अभ्यास के अलावा खिलाड़ियों और कोचों ने बातचीत की।भारतीय क्रिकेट टीम 23 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने के लिए मैनचेस्टर में है। लीड्स और लंदन में जीत के बाद इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से आगे है जबकि भारत बर्मिंघम में विजयी रहा है। मैनचेस्टर यूनाईटेड के मुख्य कोच रूबेन अमोरिम और इस प्रसिद्ध क्लब के मुरीद भारतीय क्रिकेट टीम के गौतम गंभीर की एक साथ तस्वीरें भी वायरल

# बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप







भारत क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर भारत ने हॉन्गकॉन्ग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता की व्यक्तिगत चैंपियनशिप 23 जुलाई से शुरू होगी।भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की।भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की। इससे भारत 33-26 से आगे हो गया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर भारत की बढ़त को 44-35 कर दिया जबकि रौनक चौहानने भी शानदार प्रदर्शन करके टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था।भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच जीतकर बढ़त बना ली। इनमें से अधिकतर मैच बेहद रोमांचक रहे। भारत ने हॉन्गकॉन्ग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया था।